
### एक नजर में

#### व्यवसायी बसंत कुमार मंगल का देवलोकगमन



**ब्यावरा 03 फरवरी, का.** स्थानीय धानमंडी निवासी वरिष्ठ व्यवसायी श्री बसंत कुमार मंगल (बाबू काका) का मंगलवार को देवलोकगमन हो गया. वह सुनील कुमार मंगल (सोनू)के पिताजी थे. उनके निधन से मिलने-जुलने वालो, समाज बंधुओं में शोक व्याप्त हो गया. स्थानीय मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया. बड़ी संख्या में प्रबुद्धजनों, गणमान्य नागरिकों, समाज बंधुओं ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की.

#### विनोदबाई अग्रवाल का निधन, नेत्रदान किया

**तलेन 03 फरवरी, सं.** नगर के घनश्यामदास अग्रवाल की धर्मपत्नी एवं आजयकुमार की माताजी श्रीमती विनोदबाई अग्रवाल का निधन हो गया. उनके निधन के बाद परिवारजनों ने नेत्रदान की औपचारिकता पूरी की है. उनका अंतिम संस्कार आज किया जाएगा. श्रीमती अग्रवाल धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी और नगर के सभी धार्मिक आयोजनों व उत्सवों में उनकी सहभागिता अनुकरणीय थी. वे स्व गोपालदास, महेश, दिनेश, मुकेश कुमार अग्रवाल की भाभी थी. उनकी अंतिम यात्रा शासकीय अस्पताल के सामने निवास स्थान से आज प्रात 12.30 पर निकाली जाएगी.



#### रघुवीर लववंशी का एनएसजी कमांडो में चयन

**नव भारत न्यूज लखनवास 03 फरवरी, सं.** समीपस्थ गांव पांजरा निवासी एक युवक का एनएसजी कमांडों में चयन हुआ है. जिसका बडली माता मंदिर प्रांगण पर ग्रामीणों ने पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया गया. जानकारी के अनुसार ग्राम पांजारा निवासी युवक रघुवीर लववंशी का एनएसजी नेशनल सिक्युरिटी गार्ड में चयन हुआ है. जो भारत की एक विशिष्ट आंतकवाद विरोधी और विशेष अभियान इकाई है. जो गृह मंत्रालय के अधीन काम करती है. जो प्रमुख वीआईपी सुरक्षा जैसे उच्च जोखिम वाले ऑपरेशन को अंजाम देती है. युवक के चयन पर ग्रामीणों ने माताजी की बडली पर पुष्प मालाओं से स्वागत किया. पहली पोस्टिंग दिल्ली में हुई है. सभी घर परिवार एवं क्षेत्र के लोगों ने बधाइयां शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है.

# तिलहनी फसलों का नि :शुल्क मिलेगा बीज

### ग्रीष्मकाल के लिए नि :शुल्क मिलेगा तिल, मूंगफली, उड़द का बीज

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 03 फरवरी, का. प्रदेश के साथ ही राजगढ़ जिले में तिलहनी फसलों को बढ़ावा देने तथा ग्रीष्मकालीन फसल हेतु किसानों को तिलहनी फसलों के बीज का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा. ग्रीष्मकाल हेतु जिले में पहली बार तिल, मूंगफली, उड़द फसल के बीज का नि:शुल्क वितरण योजनांतर्गत किया जाएगा.**

जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय तिलहन विकास योजनांतर्गत इस बार ग्रीष्मकालीन फसल हेतु तिलहन फसलों के लिए उत्पादन कार्यक्रम आया है. जिसमें जिले में 2500 हैक्टर क्षेत्र में तिल, 500 हैक्टर में मूंगफली एवं 800 हैक्टर में उड़द का बीज किसानों को नि्शुल्क प्रदान किया जाना है.

**सोयाबीन के नुकसान की हो सकेगी भरपाई** - गत खरीफ सीजन में प्राकृतिक प्रकोप के चलते सोयाबीन फसल को काफी नुकसान पहुंचा था. इस नुकसान की काफी कुछ भरपाई भी ग्रीष्मकालीन फसल लेने से पूरी हो सकेगी.



#### किसानों की आय में होगी वृद्धि

जहां शासन द्वारा जिले में तिलहनी फसलों को बढ़ावा देने हेतु ग्रीष्मकाल में बोवनी हेतु तिलहनी फसलें तिल, मूंगफली, उड़द के बीज का नि्शुल्क वितरण किया जाना है वहीं खरीफ, रबि सीजन के साथ ही ग्रीष्मकालीन फसल लेने से किसानों की आय में भी वृद्धि हो सकेगी.

#### उत्पादन एवं भाव में भी बेहतर

तिलहनी फसल उत्पादन एवं भाव के मान से भी बेहतर फसल देखी जाती है. जानकारी के अनुसार तिल का उत्पादन एक बीघा में डढ़ से दो क्विंटल तथा मूंगफूली का उत्पादन एक बीघा में 5 से 6 क्विंटल तक होना बताया जाता है. इनके भाव भी काफी अच्छे मिलते है.

#### ब्यावरा विस में सर्वाधिक रकबा

ग्रीष्मकालीन फसल के तौर पर जिले के सभी विकासखंड में उत्पादन कार्यक्रम के तहत बीज का नि्शुल्क वितरण होगा. वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एन.एस. हरियाले के अनुसार जिले में ब्यावरा विकासखंड में मूंगफली का रकबा सर्वाधिक 175 हैक्टर में दिया गया है, जबकि करीब 200 हैक्टर में तिल का रकबा होगा. एक किसान को अधिक से अधिक 4 बीघा के लिए बीज का वितरण किया जाएगा. कृषि रथ के द्वारा गांव-गांव पहुंचकर इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही है. उल्लेखनीय है कि रबि फसल की कटाई के बाद मार्च माह में ग्रीष्मकालीन फसल की बोवनी की जाएगी.

> तिलहनी फसलों को प्रोत्साहन एवं बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में पहली बार ग्रीष्मकालीन हेतु तिलहनी फसलों का बीज योजनांतर्गत उपलब्ध होगा. बीज का वितरण नि :शुल्क रुप से किसानों को किया जाएगा. जिले में लगभग 2500 हैक्टर में तिल, 500 हैक्टर में मूंगफली तथा करीब 800 हैक्टर में उड़द का बीज योजना के तहत रहेगा.
>
> **सचिन जैन**
> **उप संचालक, कृषि विभाग**
> **राजगढ़**

# 45 हजार मतदाताओं को नोटिस नाम कटने की आशंका

### एसडीएम बोले-सत्यापन से अपडेट होंगे नाम

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 03 फरवरी, सं. विधानसभा क्षेत्र में 45 हजार से अधिक मतदाताओं को एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के नोटिस मिलने के बाद हड़कंप मच गया है.**

नोटिस मिलने से, खासकर नए मतदाताओं में, मतदाता सूची से नाम कटने का डर सताने लगा है. ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोग जानकारी लेने के लिए मतदान केंद्रों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक कार्यालयों में पहुंचने लगे. हालांकि, प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह घबराने का विषय नहीं है और यह दस्तावेज सत्यापन की एक नियमित प्रक्रिया है.

यह नोटिस पिछली मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान सामने आई विसंगतियों के आधार पर जारी किए गए हैं. कई मतदाताओं के नाम उनके माता-पिता के नाम से मेल नहीं खा रहे हैं. जबकि कुछ मामलों में गणना पत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) में दर्शाए गए विवरण और दस्तावेजों में अंतर पाया गया है. इन्हीं तकनीकी कारणों से चुनाव आयोग के निर्देश पर एसआईआर के तहत ये नोटिस जारी हुए हैं.

एसडीएम रोहित बम्होंरे ने बताया कि सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता हैं. जिनमें से लगभग 45 हजार नए मतदाता हैं. इन्हीं नए मतदाताओं को प्राथमिक रूप से सत्यापन के लिए नोटिस जारी किए गए हैं.

संबंधित मतदाताओं को अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर जाकर आधार कार्ड, शैक्षणिक मार्कशीट, पासपोर्ट या अन्य वैध पहचान दस्तावेजों के माध्यम से वेरिफिकेशन कराना होगा. दस्तावेजों का सत्यापन होते ही मतदाता सूची में नाम अपडेट कर दिया जाएगा. बिना उचित जांच और प्रक्रिया के किसी भी मतदाता का नाम सूची से नहीं हटाया जाएगा.

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन**

# पदक विजेता खिलाड़ियों को कलेक्टर ने दी बधाई



**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 03 फरवरी, का. संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा आयोजित खेलों एमपी यूथ गेम्स की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में राजगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल अपने नाम किये है.**

सागर में आयोजित राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में बालक वर्ग में 90 कि.ग्रा वेंट कैटेगिरी में हरिओम प्रजापति ने गोल्ड मेडल हांसिल किया. वहीं ज्योतिराज प्रजापति ने 66 किग्रा. में सिल्वर एवं बालिका वर्ग में शीतल यादव ने ब्रॉज मेडल प्राप्त किया. भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए बालिका वर्ग में तमन्ना झाला ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया.राज्य स्तरीय किकेट प्रतियोगिता में भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए बालक वर्ग में प्रज्जवल गुप्ता एवं योगेश यादव ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया. राज्य स्तरीय आर्चरी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में लक्ष्यराज सिंह परमार ने बोंज मेडल प्राप्त किया. खेलों एमपी यूथ गेम्स की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों ने कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे, एसडीएम श्रीमती निधी भारद्वाज एवं संभागीय खेल अधिकारी श्रीमती शर्मिला डावर से भेट की. मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को अधिकारियों एवं खेल प्रेमियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है.

#### परिजनों को 62 लाख क्षतिपूर्ति राशि देने का आदेश

**ब्यावरा 03 फरवरी, का.** ब्यावरा न्यायालय द्वारा सड? दुर्घटना में मृत्यु होने पर मृतक के परिजनों को 62 लाख 1 हजार 976 रुपये का मुआवजा देने का आदेश पारित किया गया है. तृतीय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण हेमंत सिंह के न्यायालय में मृतक समंदर सिंह यादव निवासी पाडल्याखेड़ी के परिजनों ने क्लेम आवेदन पेश किया था. आवेदकगण की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता राजेन्द्र यादव ने बताया कि 25.07.2024 को मृतक संमदर सिंह यादव अपनी मोटर सायकल से नरसिंहगढ़ से कुरावर जा रहे थे तभी नरसिंहगढ़ भोपाल रोड पर तिन्दोनिया जोड़ पर तूफान वाहन क्रमांक एम.पी.09, बी.ई. 0470 ने अपनी वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मृतक की मोटर सायकल को टक्कर मार दी. जिसमें समंदर सिंह को सिर व शरीर में गंभीर चोट आई. जिसे उपचार के लिए कुरावर अस्पताल लेकर गये जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई. जिसकी क्षतिपूर्ति के लिए मृतक की पत्नी वैजंतीबाई, बच्चों व माता-पिता ने क्लेम आवेदन पेश् किया था. जिसमें न्यायालय द्वारा विचारण करते हुए गवाह सबूतों के आधार पर निर्णय पारित कर आवेदकगण के पक्ष में अनावेदक नेशनल इंश्योरेंस कम्पनी केविरुद्ध निर्णय पारित कर 62 लाख 1 हजार 976 रुपये क्षतिपूर्ति राशि अदा करने का आदेश पारित किया है.

# शास्त्री स्कूल पचोर में 'संस्कृति समागम अध्याय-2' का भव्य आयोजन

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागी बने 350 विद्यार्थी

**पचोर 03 फरवरी, सं. नगर के शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल पचोर में आयोजित संस्कृति समागम अध्याय-2 एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन हुआ.**

गरिमामयी वातावरण में हुए आयोजन में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की उत्सवमय वातावरण में सुंदर प्रस्तुति दी. लगभग 350 विद्यार्थियों की प्रतिभा देख लोग काफी उत्साहित हुए. मुख्य अतिथि एसडीओपी अरविंद सिंह रहे. संस्था संचालक मंडल के दिनेश गोयल, दीपक गोयल, प्रतीक गोयल, प्रणव गोयल एवं प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया. अन्नपूर्णा ग्रुप की नृत्य प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया. वंशिका ग्रुप के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत डांस ने भाव-विभोर कर दिया. चिंकी-मिंकी मिमिक्री ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया. सुभानी ग्रुप की प्रस्तुति, मूक अभिनय (माइम) आराध्या ग्रुप द्वारा सामाजिक विषय पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी. अवनी ग्रुप का 'पानी बचाओ' नाटक विशेष सराहना का केंद्र रहा. जया ग्रुप के 'ऑपरेशन सिंदूर' ने देशभक्ति का भाव जागृत कर दिया. इसी तरह विद्यार्थियों के द्वारा दी गई प्रस्तुतियों ने खासा प्रभावित किया. विद्यालय में वर्ष भर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 135 विद्यार्थियों को संस्था संचालकों द्वारा प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफियां प्रदान की गई. नृत्य निर्देशन में उत्कृष्ट योगदान के लिए रजत शर्मा, कमल अक्सौलिया, सक्षम चित्रांश एवं यश भिलाला को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया. संस्था संचालक दीपक गोयल एवं दिनेश गोयल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी. संस्था प्रधान मनोहर बैरागी द्वारा आभार व्यक्त किया गया. संचालन शिक्षक यशवंत सिंह गुर्जर एवं राहुल सक्सेना द्वारा किया गया. कार्यक्रम में स्टॉफ सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा.





सभी अत्याधुनिक सुविधाएँ एक ही छत के नीचे

न्यूक्लिअर मेडिसिन (PET CT, PSMA, DTPA, DMSA, HIDA, MUGA, स्ट्रेस थैलीयम, रेडियो आयोडीन थेरेपी एवं अन्य समस्त न्यूक्लिअर जाँच एवं उपचार) रेडिएशन-ऑन्कोलॉजी । कीमोथेरेपी । इम्यूनोथेरेपी । टार्गेटेड थेरेपी ऑन्को-पैथोलॉजी । ऑन्को-रेडियोलॉजी । सभी प्रमुख सर्जरीज़ । सभी तरह की दर्द सम्बन्धी समस्याओं का इलाज

- आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सभी तरह के कैंसर का मुफ़्त इलाज
- जाँच के बाद न्यूनतम समय में इलाज की शुरुआत
- भारत की पहली VITAL BEAM रेडिएशन मशीन
- अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा प्री एवं पोस्ट ऑपरेटिव कैंसर ट्रीटमेंट

सीजीएचएस, ईसीएचएस, ईएसआई, भेल, रेलवे, केंद्रीय जेल, पीएचक्यू, टीपीए, भोपाल गैस पीड़ित, वेस्टर्न कोल फ़ील्ड्स सम्बन्धी व सभी इंश्योरेंस और मेडिक्लेम धारकों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा।

चिरायु कैंसर हॉस्पिटल
CHIRAYU CANCER HOSPITAL
जहां ज़िंदगी जीते
A UNIT OF CHIRAYU CHARITABLE FOUNDATION
बैरागढ़ के पास, भोपाल
Ph: 90398 20664
0755-2709123/124
Email: cancercare@cmchbhopal.com
Website: www.cmchbhopal.com
Aquarius


#### कक्षा 9वीं व 11वीं में रिक्त स्थानों हेतु प्रवेश परीक्षा 7 को

**राजगढ़ 03 फरवरी, का.** प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय कचनारिया सुस्तानी द्वारा बताया गया कि पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, कचनारिया सुस्तानी राजगढ़ में कक्षा 9वीं व 11वीं में रिक्त स्थानों हेतु प्रवेश परीक्षा 07 फरवरी को आयोजित की जाएगी. उक्त परीक्षा हेतु अभ्यर्थी प्रात- 10 बजे तक परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित रहे. कक्षा 9वीं के लिए प्रवेश परीक्षा केन्द्र प्रो. संतोष मित्तल स्कूल ए.बी. रोड पचोर तथा प्रज्ञासागर कॉलेज शुजालपुर रोड़, पचोर में आयोजित किया जाएगा.

**आश्वासन** | **मुख्यमंत्री से मिले विधायक मोहन शर्मा, पार्वती पुल के पुनर्निर्माण पर हुई चर्चा**

# पार्वती पुल को बजट में शामिल करने का आश्वासन



**नवभारत न्यूज**

**नरसिंहगढ़ 03 फरवरी, सं.** क्षेत्र की महत्वपूर्ण पार्वती पुल की समस्या को लेकर एक बार फिर सकारात्मक पहल सामने आई है. लंबे समय से क्षतिग्रस्त एवं बंद पड़े पार्वती पुल के पुनर्निर्माण को लेकर विधायक मोहन शर्मा ने मंगलवार को भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की. विधायक ने पुल की वर्तमान स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए इससे उत्पन्न हो रही जनसमस्याओं की जानकारी दी.

विधायक श्री शर्मा ने बताया कि लगभग 50 वर्ष पुराना पार्वती पुल जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है. जिसके चलते बीते एक वर्ष से इसे आवागमन के लिए बंद कर दिया गया है. पुल बंद होने से नरसिंहगढ़ का संपर्क रुनाहा, नजीराबाद, बेरासिया सहित आसपास के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों से प्रभावित हुआ है. इससे क्षेत्र के नागरिकों को वैकल्पिक मार्गों से आवागमन करना पड़ रहा है. जिससे समय और संसाधनों की अतिरिक्त खपत हो रही है.

पुल के बंद होने का असर आमजन के साथ-साथ विद्यार्थियों, किसानों और व्यापारियों पर भी पड़ा है. विद्यार्थियों को शिक्षण संस्थानों तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. वहीं किसानों को अपनी कृषि उपज मंडियों तक ले जाने में असुविधा हो रही है. व्यापारिक गतिविधियों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिल रहा है.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधायक द्वारा रखी गई बातों को गंभीरता से सुनते हुए समस्या की संवेदनशीलता को स्वीकार किया. मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि पार्वती पुल के पुनर्निर्माण को इसी बजट में शामिल किया जाएगा. ताकि आवश्यक स्वीकृति के बाद निर्माण प्रक्रिया प्रारंभ की जा सके. मुख्यमंत्री के इस आश्वासन के बाद क्षेत्र में समाधान को लेकर सकारात्मक वातावरण बना है.

उल्लेखनीय है कि पार्वती पुल की स्थिति को लेकर पूर्व में भी जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों द्वारा विभिन्न स्तरों पर ज्ञापन सौंपे गए हैं और लगातार इस विषय को उठाया जाता रहा है. क्षेत्रीय स्तर पर किए गए प्रयासों के बाद अब मुख्यमंत्री स्तर पर चर्चा होने से समाधान की दिशा में ठोस कदम उठने की संभावना बनी है.

मुलाकात के दौरान हाल ही में मुख्यमंत्री के नरसिंहगढ़ दौरे के समय सार्वजनिक सभा में की गई घोषणाओं पर भी चर्चा की गई. इनमें बड़े महादेव को महाकाल लोक की तर्ज पर विकसित करने, नगर के प्रमुख मार्गों पर स्वागत द्वार निर्माण तथा अन्य विकास संबंधी घोषणाएं शामिल रहीं. विधायक ने इन घोषणाओं के शीघ्र क्रियान्वयन की अपेक्षा भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी.